C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 16 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 28 जून 2024

कल्कि' की घरेलू बॉक्स ऑफिस ...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### पुल के निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने के दिए निर्देश

**जसपुर।** सीएम के आदेश पर ग्रामीण निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता ने ईई को तालबपुर गांव में लपकना नदी के पुल के निर्माण के लिए जिला स्तरीय चयन समिति से प्रस्ताव स्वीकृत कराकर भेजने के निर्देश दिए हैं। भाजयुमो के पूर्व प्रदेश सचिव शीतल जोशी ने सीएम को पत्र भेजकर अवगत कराया था कि तालबपुर और अमियावाला गांव के किसानों को नदी पर पुल नहीं होने के कारण परेशानी हो रही है। उन्होंने दोनों गांव उन्होंने के बीच बहने वाली लपकना नदी के पुल का निर्माण कराने की मांग की थी। सीएम के आदेश पर सीई ग्रामीण निर्माण विभाग ने ईई निर्माण विभाग को पत्र भेजकर जिला स्तरीय चयन समिति से पुल के के निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत कराकर भेजने के निर्देश दिए हैं।

### आरटीई में दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू

**यूएसनगर।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के दूसरे चरण में आवेदन की प्रकिया शुरू हो गई है। 10 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे। जिले में कुल सीट 7516 के सापेक्ष प्रथम लॉटरी में 3233 छात्र-छात्राओं का प्रवेश हो चुका है। दूसरी लॉटरी में 4283 सीटों पर दाखिला होगा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत जिले में 764 स्कूल पंजीकृत हैं। इसके लिए एक अप्रैल से 21 अप्रैल तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया गया था। इस पोर्टल पर आवेदन करने के बाद इसकी हार्ड कापी खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराई गई। इसके बाद एक-एक आवेदनों का ऑफलाइन स्क्रूटनी की गई। दो मई को लाटरी विधि से चयनित बच्चों की सूची पोर्टल पर अपलोड की गई। इसमें 3233 बच्चों को प्रवेश मिला। इसके बाद बची सीटों के लिए 27 जून से फिर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई। दूसरे चरण में 10 जुलाई तक प्रवेश के लिए आवेदन किए जाएंगे। इसमें फिर आवेदन के बाद लॉटरी विधि से प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## सीएम पोर्टल पर लॉग-इन ना करने वाले अफसरों से स्पष्टीकरण लें: धामी

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से सीएम हेल्प लाइन की समीक्षा की जिसमें कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत वीसी के माध्यम से जुड़े। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्प लाइन पर आई सभी शिकायतों का समय से निस्तारण करें।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से सीएम हेल्प लाइन की समीक्षा की जिसमें कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत वीसी के माध्यम से जुड़े। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्प लाइन पर आई सभी शिकायतों का समय से निस्तारण करें। आगामी 15 दिनों में लंबित शिकायतों का सकारात्मक निवारण हो। सीएम ने निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों ने पिछले एक महीने में सीएम हेल्प लाइन पोर्टल पर लॉग इन नहीं किया है, संबंधित विभागीय शीघ्र उन अधिकारियों का यथाशीघ्र स्पष्टीकरण लें। यदि स्पष्टीकरण में संतोषजनक कारण नहीं बताया जाता है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें। आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि कुमाऊं मंडल में छह जनपदों से कुल 67,778 शिकायतें प्राप्त हुई थीं जिनमें से 50,319 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। 8,754 शिकायतों को आंशिक रूप से बंद किया गया है। कहा 8,705 शिकायतें लंबित है, जिन्हें जल्द ही निस्तारित कर दिया जाएगा। आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि रोज सीएम पोर्टल पर लॉग इन कर शिकायतों का गुणवत्ता परक निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही पोर्टल के माध्यम से शिकायतकर्ता से संवाद भी किया जाए। वीसी में जिलाधिकारी वंदना सिंह और सभी जिलों से डीएम जुड़े।

सड़कों पर जगह-जगह लगा जाम

## बारिश राहत के साथ लाई आफत घरों से लेकर सड़क तक हुई लबालब

**नई दिल्ली**
एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार सुबह की शुरुआत मानसूनी बारिश के साथ हुई। जोरदार बारिश ने सड़कों से लेकर घरों तक को पानी से लबालब भर दिया है। कई जगह जलभराव से लोग जहां-तहां फंस गए हैं।

कई जगहों पर आलम यह है कि कारें पानी में डूबी गईं, जिससे लोग हलाकान हैं। वहीं बारिश के चलते दिल्ली के एक्यूआई में बड़ा सुधार भी देखने को मिला है। अधिकांश जगहों पर औसतन एक्यूआई 50 के आंकड़े के आसपास है, जबकि कुछ जगहों पर 50 से भी कम रिकॉर्ड हुआ।

सीपीसीबी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सुबह 11 बजे तक अशोक विहार में एक्यूआई 56 रिकॉर्ड किया गया। आईजीआई एयरपोर्ट (टर्मिनल-3) में 46, आईटीओ में 53, लोधी रोड में 57 रिकॉर्ड हुआ। दिल्ली में हो रही जोरदार बारिश ने कई लोगों को सड़कों पर तो मुसीबत में डाल ही दिया





है, कई इलाकों में घरों में पानी भर गया है। खबर है कि साउथ एक्स पार्ट 1 के कई घरों में बारिश का पानी भर गया है।

दिल्ली में लगातार बारिश के कारण गंभीर जलजमाव के बीच मयूर विहार इलाके में सड़क पर भारी जाम लग गया। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसी तरह से अन्य रास्तों का भी हाल है। दिल्ली में भारी बारिश के बाद कनॉट प्लेस इलाके में जलजमाव के कारण यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारी से लेकर राहगीर सब बारिश से बिगड़े हालात के चलते हलाकान हैं। दिल्ली मेट्रो के द्वारा दी जानकारी के मुताबिक, भारी बारिश के कारण यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25 मेट्रो स्टेशन पर प्रवेश/निकास बंद है। साथ ही, दिल्ली एयरोसिटी मेट्रो स्टेशन से टर्मिनल 1-आईजीआई हवाई अड्डे तक शटल सेवा निलंबित कर दी गई है। अन्य सभी लाइनों पर सेवा सामान्य।

## पुलिस कार्यालय पर दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

**आरोप**

- पीड़िता को मुकदमा वापस लेने को दबाव बनाने का भी आरोप

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में दुष्कर्म के आरोपी द्वारा मुकदमा वापस लेने को लेकर पीड़िता को धमकाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने तीमारदारों के साथ पुलिस कार्यालय पहुंची और उन्होंने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को प्रदर्शन किया। साथ ही उसकी गिरफ्तारी की भी मांग की। यदि जल्द ही गिरफ्तारी नहीं हुई तो थाने के सामने धरना शुरू की चेतावनी दी। गुरुवार को थाना ट्रांजिट कैंप के दर्जनों लोग पीड़िता के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन कर रोष जताया। पीड़िता का कहना था कि उसके घर पर पडोसी युवक का आना जाना था। जो उसे मामी व उसके पति को मामा कहता था। आरोप था कि चोरी छिपे अश्लील वीडियो बनाकर आरोपी ने उसके साथ एक साल तक दुष्कर्म किया और जब उसने विगत दिनों थाना ट्रांजिट कैंप में दुष्कर्म का मुकदमा पंजीकृत कराया। पीड़िता के मुताबिक उस युवक ने घर पर बदमाश प्रवृति के लोगों को भेजकर डरा-धमकाना शुरू कर दिया,जब कि गंभीर मामले में मुकदमा पंजीकृत होने के बाद आरोपी खुलेआम घूम रहा है। 24 जून को बयान दर्ज करने के दौरान आरोपी ने पति को इशारा कर बुलाया और बयान नहीं देने व मुकदमा वापस करने का दबाव बनाया।मुकदमा वापस नहीं लेने पर जान से मारने की धमकी भी दी। लोगों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। इस मौके पर बसंती मंडल,तरुण गाईन, असीत बाला,शेरू मंडल, संजय सरदार, दीपु मंडल,जगदीश दास, पप्पू तरफदार, सुजीत बछाड़, चंदन मंडल, सागर मंडल मौजूद रहे।

## एक और बना साइबर ठगी का शिकार, जालसाजों ने लगाया 6.88 लाख का चूना

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

एक और व्यक्ति साइबर जालसाजी का शिकार बन गया। साइबर जालसाजों ने उसे 6.88 लाख रूपए का चूना लगा दिया। पीड़ित ने साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। अवधेश कुमार पुत्र राम नरेश निवासी फैन्ड कालौनी हल्द्वानी ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सअप पर शेयर मार्केटिंग व ट्रेडिंग सीखने के लिए एक मैसेज आया और ग्रुप से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। जब वह राजी हुआ तो उसे ग्रुप से जोड़ दिया। ग्रुप में कई लोगों ने अपने-अपने प्रोफिट के स्क्रीन शॉट शेयर किए थे । जिसे देखकर मुझे भी भरोसा हो गया था तथा उनके द्वारा शेयर मार्केटिंग से सम्बन्धित एक बेवसाईट पर रजिस्ट्रेशन कराकर अकाउण्ट खोल दिया। शुरूआत में उनके अनुसार मार्केटिंग टेड्रिग मे निवेश के लिए पहली किस्त के रूप में 15 हजार रूपए जमा कराए गए। इस तरह से उसने 6.88 हजार रूपए करा दिए। जब उसने ग्रुप से जुड़े दूसरे लोगों से अन्य जानकारी के लिए फोन किया तो संपर्क नहीं हुआ जिसकेब ाद उसे ठगी होने का एहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर जालसाजों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए धनराशि वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

## डीएम ने ली भालूगाड वाटरफॉल समिति के सदस्यों के साथ बैठक

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने कैंप हल्द्वानी में भालूगाड वाटरफॉल समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में जलागम क्षेत्र में सामूहिक प्रयासों से जल संरक्षण के कार्य किए जाने बेहद आवश्यक बताया है। जिलाधिकारी ने कहा कि भालूगाड़ जलप्रपात सामुदायिक सहभागिता का एक सुंदर उदाहरण है, भविष्य में इस जलागम क्षेत्र में जिसमें तीन चरणों में जल संरक्षण के कार्य किए जाएंगे।

पिछले माह भालूगाढ के दौरे के समय जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों को जल संरक्षण कार्यों की कार्ययोजना बनाने और विस्तृत सर्वे के निर्देश दिए थे, इसके बाद हिमालय ग्राम विकास समिति के माध्यम से भालूगाड़ जलप्रपात समिति के लोगों ने इसका पूर्ण अध्ययन किया। जिसके क्रम में समिति के सदस्य और स्थानीय ग्रामीण



जिलाधिकारी के पास कार्ययोजना लेकर वार्ता हेतु उपस्थित हुए । जिस पर विस्तृत चर्चा की गई ।

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों से कार्य होना बेहद आवश्यक है उन्होंने धारी विकासखंड के भालूगाड़ जलप्रपात सामूहिक प्रयासों का एक अच्छा उदाहरण बताते हुए कहा कि प्रशासन जल संरक्षण के इस तरह सामूहिक प्रयासों की पूरी तरह मदद करेगा। जिलाधिकारी वंदना सिंह से मिले ग्रामीणों ने बताया कि तीन वन पंचायत गजार, हरी नगर और सूपी द्वारा 2020 में भालू गाड़ जलप्रपात समिति का गठन कर इसको आदर्श रूप देने का प्रयास किया गया। गर्मी के मौसम में इस जलप्रपात में कमी के चलते इसमें जलागम क्षेत्र में सामुदायिक रूप से जल संरक्षण के कार्य किए जाने आवश्यक है। समिति के सदस्यों ने बताया कि इसके प्रथम चरण में तीन झील, लगभग 50 ट्रेंच, और 28 चाल ढुखाल और द्वितीय चरण में 09 गधेरो के हर गधेरे में 10 चेक डेम तथा तृतीय चरण में 80 रेन वाटर हार्वेस्टिंग के काम किया जाना आवश्यक है। डीएम ने समिति को आश्वस्त किया कि इन कार्यों के लिए जनपद के सभी विभाग पूर्ण सहयोग करेंगे । जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि वर्षा जल संरक्षण के साथ ही प्राकृतिक स्त्रोतों और वर्षा जल संरक्षण की पुरानी पद्धतियों के माध्यम से भालूगाड़ जलप्रपात में भूजल स्तर बढ़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे साथ ही उन्होंने इस कार्य में जुटी समितियां को प्रोत्साहित भी किया है। बैठक में सरपंच गजार भवान सिंह, प्रधान राजेंद्र बिष्ट, संरक्षक बिष्ट सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# कुमाऊं विवि में विशेषज्ञों की समिति की बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में गुरुवार से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार की ओर से पीएचडी एवं पोस्ट डॉक अध्येताओं को दी जाने वाली वाइज पीएचडी पोस्ट डॉक अध्येतावृति हेतु रसायन विज्ञान विषय के विशेषज्ञों की समिति की बैठक शुरु हो गयी है।

बता दें कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) का मकसद देश में विज्ञान व प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष को बढ़ावा देना है। डीएसटी शिक्षा प्रणाली, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास के माध्यम से वैज्ञानिकों को देश में सबसे बड़ा बाह्य अनुसंधान और विकास समर्थन प्रदान करता है। कुमाऊँ विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत इस उच्चस्तरीय विषय विशेषज्ञ समिति के सदस्य हैं। उनकी पहल पर राष्ट्रीय स्तर की विषय विशेषज्ञों की समिति की तीन दिवसीय बैठक पहली मर्तबा नैनीताल में आयोजित की गयी।

इस उच्च स्तरीय बैठक में कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं जिनमें यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद से प्रो.ललिथा गुरु प्रसाद, इंस्टिट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी मुंबई से प्रो. भालचंद्र भाणगे, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी हैदराबाद से प्रो. सुतापा घोष, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश से प्रो. मृत्युंजय डी पांडे, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गुवाहाटी से प्रो. थर्मलिंगम पुन्नीयमुर्ति, पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से प्रो.सोनल सिंघल समेत नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी श्रीनगर से प्रो. कौसर मजीद, सीएसआईआर नेशनल केमिकल लेबोरेटरी पुणे से प्रो. कधिरावन शंमुगनाथन, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फ र्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च अहमदाबाद से प्रो. रवि शाह, शिव नादर यूनिवर्सिटी नोएडा से प्रो. बिमलेश लोचब और डिपार्टमेंट ऑफ साईंस एंड टेक्नोलॉजी के वाइज किरण डिवीजन की हेड डॉ. वंदना सिंह शामिल हैं।

बैठक में प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि यह बैठक विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के विज्ञान और प्रौद्योगिकी को देश में बढ़ावा देने और वैज्ञानिकों को बाह्य अनुसंधान और विकास समर्थन प्रदान करने की महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम नैनीताल में इस महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कर रहे हैं। इस तरह की पहल से हमारे विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त होगी और हमारे अध्येताओं को अत्यधिक लाभ मिलेगा। बता दें कि बैठक में रसायन विज्ञान विषय से सम्बंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की जायेगी और रसायन विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के नए रास्तों की खोज की जायेगी।

## 12 जुलाई को होगा ड्रेस वितरण का आयोजन

नैनीताल। लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौडियाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय किया गया कि क्लब द्वारा इस बार चमन लाल बजाज की स्मृति में ड्रेस वितरण का आयोजन 12 जुलाई (शुक्रवार) को भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

क्लब द्वारा इस बार चमन लाल बजाज की स्मृति में विद्यालय के 50 मेधावी छात्र-छात्राओं को ड्रेस वितरित की जाएगी। मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद कल्पना सैनी होगी जबकि विशिष्ट अतिथि विधायक सरिता आर्या होगी,कार्यक्रम सुबह 11 बजे से विद्यालय के प्रांगण में शुरु होगा। बैठक में हेमा भट्ट, मीनू बुधलाकोटी, रानी शाह,अमीता शाह, सीमा सेठ, तनु सिंह ,कविता त्रिपाठी, डा. प्रगति जैन, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, कविता गंगोला, रेखा पंत, संगीता श्रीवास्तव, लीला राज, कंचन जोशी, विनीता पांडे, आभा शाह, गीता शाह, मंजू बिष्ट, अमिता शेरवानी, रमा भट्ट तथा रमा तिवारी आदि मौजूद थे।




## उप स्वास्थ्य केंद्र की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण

सितारगंज

हमारे संवाददाता

ग्राम लोका गोठा के लोगों ने भूमि का मालिकाना हक, पुलिस चौकी और उप स्वास्थ्य केंद्र की मांग को लेकर फिर धरना शुरू कर दिया है।

आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने बताया कि तीन सूत्रीय मांगों को लेकर उन्होंने 61 दिनों का धरना प्रदर्शन किया था, फिर आचार संहिता के चलते उन्होंने धरना कर दिया था। कहा कि मांगों को लेकर एक बार फिर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया है।

उन्होंने चेताया कि यदि प्रशासन 15 दिन में उनकी मांगों को पूरा नहीं करता तो आंदोलन शुरू करने को बाध्य होंगे। इस दौरान विजय, वीरेंद्र कुमार, योगेंद्र कुमार, अभय कुमार, जितेंद्र विद्यासागर, जगदीश कुमार, संदीप कुमार आदि थे।

## राज्य आंदोलनकारी इंदर समस्याओं को लेकर मिले थाना प्रभारी से

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राज्य आंदोलनकारी इंदर सिंह नेगी एवं महेश जोशी के नेतृत्व में गुरुवार को एक प्रतिनिधि मंडल तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा से मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने ज्योलीकोट क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के साथ ही गेठिया निवासी चंद्रकांत उर्फ इलू एवं नलेना नाले में बालक मोहित कुमार के नहाते समय डूब जाने के बाद क्षेत्र में हो रही विसंगतियों एवं आरजकता के खिलाफ शिकायत की। प्रतिनिधिमंडल के मुताबिक वार्ता के बाद तुरंत थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने ज्योलीकोट क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने रुसी बाईपास बैंड के गधेरों सहित रिया एवं ज्योलीकोट, दो गांव और भुजियाघाट के नालो एवं झरनों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कानून से बड़ा कोई नहीं अगर कोई भी व्यक्ति महिला पुरुष झरने और नलों में नहाते पाया गया तो उस पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी साथ ही उन्होंने स्थानीय व्यापारियों से क्षेत्र की मर्यादा बनाए रखते हुए पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वन विभाग को भी इस मामले में सक्रियता से अपने नदी नाले गधेरों एवं वन को बचाने के लिए कार्य करना चाहिए ताकि किसी का घर बर्बाद होने से बचाया जा सके। बोरा ने चंद्रकांत उर्फ इलू आत्महत्या के मामले में कहा कि पुलिस द्वारा इस मामले में निष्पक्षता के साथ कार्यवाही की जाएगी जो भी दंडित होगा उस पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## NEWS / फटाफट

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला नेपाली मूल के व्यक्ति का शव

नैनीताल। तल्लीताल क्षेत्र में नेपाली मूल के एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में घर पर शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मोर्चरी में रख दिया। बता दे तल्लीताल कृष्णापुर क्षेत्र में नेपाली मूल के शेर बहादुर नाम का व्यक्ति अपने कमरे में बेसुध पड़ा हुआ था जिसकी सूचना पड़ोसियों व नेपाली मूल के अन्य व्यक्तियों ने 112 के मध्यम से पुलिस को दी। मौके पर पहुंची एसआई भावना बिष्ट व चीता पुलिस कांस्टेबल अमित गहलोत द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से बेसुध पड़े व्यक्ति को राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि पूछताछ पर पता चला कि व्यक्ति यहां पर अकेला रहकर मजदूरी करता था उसका कोई भी परिचित यहां नहीं है ना ही उनके संबंध में किसी को कोई जानकारी है फिलहाल पुलिस ने शव को मोर्चरी में रख दिया है।

### काशी वंदन कार्यक्रम में दर्शक हुए मंत्रमुग्ध



नैनीताल । नगर निवासी हर्षित कुमार सितार वादक तथा शास्त्री गायक पंकज आर्य ने काशी वंदन कार्यक्रम के तहत नमो घाट में हर्षित ने सितार वादन में राग चारुकेशी व राग खमाज की धुन बजाकर बनारस के दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया तत्पश्चात शास्त्रीय गायक पंकज आर्य ने राग पुरिया धनाश्री व भजन मुरलिया बाजे--- व गंगा जमुना निर्मल पानी-- भजन गाकर दर्शकों को किया मंत्र मुग्ध कर दिया। बता दें कि पंकज आर्य व हर्षित उत्तराखंड से पहले ऐसे युवा कलाकार हैं जिन्होंने नमो घाट काशी वंदन कार्यक्रम बनारस में प्रस्तुति देकर उत्तराखंड का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में शामिल जिलाधिकारी वाराणसी व संगीतकार शामिल रहे। काशी वंदन कार्यक्रम के संयोजक सरोद वादक अश्वनी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### अधिवक्ता नितिन मिले केएमवीएन विक्रय अधिकारी से

नैनीताल। नगर के युवा अधिवक्ता नितिन सिंह कार्की तथा भाजपा मंडल के अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट ने गुरुवार को कुमाऊं मण्डल विकास निगम के कनिष्ठ विक्रय अधिकारी रवि मेहरा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने घरेलू गैस सिलेंडर की आवश्यक केवाईसी करवाने हेतु आम जन मानस की सुविधा हेतु नैनीताल के हर वार्ड में एक विशेष शिविर आयोजित करवाने हेतु विशेष आग्रह किया। मेहरा से मिलने के बाद कार्की ने बताया कि वार्ता के दौरान तय हुआ है कि निगम हर वार्ड में केवाईसी शिविर आयोजित करेगा।

### डीएसबी परिसर की प्राध्यापिका डॉ. मैत्रीय नारायण के पिता के निधन पर शोक

नैनीताल। कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने वानिकी एवं पर्यावरण विभाग डीएसबी परिसर की प्राध्यापिका डॉ. मैत्रीय नारायण के पिता राजेंद्र नारायण(68) के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है । कूटा के मुताबिक राजेंद्र नारायण लोक निर्माण विभाग में ईई के पद से रिटायर हुए,उनका हल्द्वानी निधन हुआ। दूसरी ओर उनका अंतिम संस्कार रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में किया गया। एलुमनी सेल के अध्यक्ष डॉ. बीएस कालाकोटी तथा उपाध्यक्ष डॉ. एसएस सामंत तथा महासचिव प्रो ललित तिवारी सहित कूटा की तरफ से अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी तथा महासचिव डॉ.विजय कुमार समेत कूटा परिवार ने गहरा दुःख जताया है।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

## लगातार हो रही बारिश के बाद अब भूस्खलन की घटनाओं का खतरा बढ़ने लगा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर में बीते एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश के बाद अब भूस्खलन की घटनाओं की आशंका भी बढ़ने लगी है। बुधवार की देर रात से लगातार हो रही बारिश के बाद तल्लीताल जेल रोड से कृष्णापुर मार्ग पर बड़े-बड़े बोल्डर गिरने शुरू हो चुके है जिसके चलते स्थानीय लोगो पर खतरा मंडराने लगा है।

बता दें कि बीते वर्ष भी जिला कारागार के स्टाफ क्वार्टर के समीप जिस स्थान पर आवास बनाए गए हैं उससे लगते हुए क्षेत्र में भारी बारिश के दौरान भूस्खलन हुआ था वही अब बुधवार रात से हुई बारिश के बाद एक बार फि र से स्टाफ क्वार्टर के समीप से बड़े बडे बोल्डर ठीक नीचे कृष्णापुर के आवसीय क्षेत्र की ओर गिरने लगे। गनीमत रही कि इस दौरान वहां से कोई गुजर नहीं रहा था





अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था।

स्थानीय निवर्तमान सभासद कैलाश सिंह रौतेला ने कहा कि बीते वर्ष भी यहां पर भूस्खलन हुआ था जिसके बाद इसकी शिकायत संबंधित विभाग के अधिकारियों से की गई थी लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है अगर ऐसे में इस मानसून के दौरान कोई दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी शासन- प्रशासन की होगी

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## आतंकियों को पनाह

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार सत्तारुढ़ होने से आतंकवादियों में खलबली मच गई है। चुनाव नतीजे आने से पहले आतंकवादियों का अनुमान था कि समुदाय विशेष के एकतरफा मतदान से प्रधानमंत्री मोदी सरकार बनाने में कामयाब नहीं हो सकेंगे। चुनाव प्रक्रिया के दौरान अमेरिका, चीन और पाकिस्तान ने बयानबाजी करके हस्तक्षेप भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल और अन्य अधिकारियों के साथ कश्मीर की स्थिति की समीक्षा करके आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है। विपक्षी गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के नेताओं ने कश्मीर में मां वैष्णो देवी के तीर्थयात्रियों पर आतंकी हमले पर बयानबाजी में संयम बरता है।***

लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू-कश्मीर में मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। मतदान केन्द्रों पर लम्बी कतारों में खड़े रहकर महिलाओं और पुरुषों ने अपनी बारी का इंतजार किया और वोट डाला। पाकिस्तान के टुकड़ों पर पलने वाले अलगाववादी मतदान के बहिष्कार की अपील करते हैं, लेकिन मतदाताओं ने भारतीय संविधान में विश्वास जताते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया चुनाव में हिस्सा लिया। कश्मीर के अलगाववादी पाकिस्तान से घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को पनाह देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अलगाववादियों पर नकेल कस दी है। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न होने से आतंकवादी संगठन बौखला गये हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद रियासी, कठुआ और डोडा में आतंकवादियों ने हमले किये हैं। तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकियों की गोलीबारी से करीब दर्जनभर श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार सत्तारुढ़ होने से आतंकवादियों में खलबली मच गई है। चुनाव नतीजे आने से पहले आतंकवादियों का अनुमान था कि समुदाय विशेष के एकतरफा मतदान से प्रधानमंत्री मोदी सरकार बनाने में कामयाब नहीं हो सकेंगे। चुनाव प्रक्रिया के दौरान अमेरिका, चीन और पाकिस्तान ने बयानबाजी करके हस्तक्षेप भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल और अन्य अधिकारियों के साथ कश्मीर की स्थिति की समीक्षा करके आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है। विपक्षी गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के नेताओं ने कश्मीर में मां वैष्णो देवी के तीर्थयात्रियों पर आतंकी हमले पर बयानबाजी में संयम बरता है। चुनाव प्रचार के दौरान समुदाय विशेष को भड़काने के लिए बयानबाजी करने वाले अब चुप्पी साध रहे हैं। खुफिया एजेंसियों, सुरक्षा बलों और राज्यों के पुलिस बल को संयुक्त रूप से आतंकवादियों को पनाह देने वालों पर शिकंजा कसना होगा। पूरे देश में छापेमारी करके असामाजिक तत्वों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाना होगा। चुनाव में जिन बाहुबलियों ने जीत हासिल की है, उनकी गतिविधियों पर नजर रखने की जरूरत है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने विदेश में आतंकवादियों का खात्मा करने में सफलता पाई है। कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत पर आरोप लगाया है कि उसने आतंकवादियों को मरवाया है। मारे गये आतंकवादी के शोक में कनाडा की संसद में मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई, इससे स्पष्ट हो गया कि कनाडा आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। अस्सी के दशक में कनाडा व ब्रिटेन ने आतंकवादियों के सरगनाओं को पनाह देकर भारत में खूनखराबा कराया था।

# उद्योगों को बढ़ावा देने को हर संभव सुविधाएं कराएंगे

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता



**बैठक**

● डीएम की अध्यक्षता में उद्योग मित्र की बैठक आयोजित

गुरुवार को जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में उद्योग मित्र की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने कहा कि जनपद में उद्योगों को शांतिपूर्ण माहौल व बढ़ावा देने हेतु हर सम्भव सुविधाएं मुहैया कराई जायेंगी।

उन्होंने कहा कि उद्योगों के विकास तथा संरक्षण हेतु जिला प्रशासन द्वारा हर सम्भव सुविधाएं प्राथमिकता से मुहैया कराई जायेंगी।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि औद्योगिक आस्थानों से सम्बन्धित कार्यों तथा समस्याओं का व्यक्तिगत रूचि लेते हुए प्राथमिकता से समाधान किया जाये। उन्होंने उद्यामियों द्वारा इंजीनियरिंग उद्योगों में संविदा श्रमशक्ति नियोजन की अनुमति के अनुरोध पर सहायक श्रमायुक्त को इस हेतु शासन को पत्र भेजने के निर्देश दिये। उद्यामियों ने सिडकुल परिसर में दुकानों एवं शोचालयों के आबंटन की मांग रखी। इस पर एसडीएम ने बताया कि सिडकुल में निर्मित दुकानें संगठित रूप से नहीं बनी है जिससे भूमि का सदउपयोग नहीं हो पा रहा है, दुकानदारों से वार्ता कर दुकानों के स्थान पर सुनियोजित रूप से कॉम्पलेक्स का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

उन्होंने ईएसआईसी अस्पताल से सिडकुल पन्तनगर के जोडने के लिए कनैक्टिंग रोड पर तेजी से कार्य कराने के निर्देश क्षेत्रीय प्रबन्धक सिडकुल को दिये। सितारगंज के विकास के फेज-2 में विद्युत आपूर्ति हेतु नए सब स्टेशन निर्माण में तेजी लाते हुए उसे ऊर्जीकृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशाासी अभियन्ता यूपीआरएनएन को वार्ता करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने उद्यामियों की मांग पर एल्डिको सिडकुल औद्योगिक पार्क सितारगंज में सड़क के सुदृीकरण एवं चौड़ीकरण करने के निर्देश दिये। चौड़ीकारण हेतु फोरलेन का प्रस्ताव पीपी मोड पर शासन को प्रषित किया गया है जिस पर डीएम ने कहा कि यह सड़क बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए प्रस्ताव की प्रति जिला कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने थर्ड पार्टी ऑडिट के सम्बन्ध में शासन से पत्राचार करने के निर्देश एएलसी व जीएम डीआईसी को दिये। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय रूद्रपुर में खोलने की कार्रवाई के निर्देश क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी को दिये। सिड्कुल काशीपुर में अंतारिक सड़क मार्ग नाली निर्माण व स्ट्रीट लाइट के रख-रखास की मांग पर क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल काशीपुर ने बताया कि सिडकुल के अंतारिक मार्गो के कार्यों का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। भुगतान हेतु शासन को पत्र प्रषित कर दिया गया है।

नवीनीकृत हो चुके मैथेनॉल लाईसेन्स की वैद्यता 5 वर्ष करने की मांग पर डीएम ने कहा कि यह शासन स्तर का मामला है इसलिए शासन पत्र प्रेषित कर वार्ता भी करें। बैठक में एसडीएम मनीष बिष्ट, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह, एएलसी दीपक कुमार, जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट, केजीसीसीआई से आरके गुप्ता, आरके मिडडा, अशोक बंसल, एसईडब्ल्यूएस के अध्यक्ष श्रीकर सिंहा आदि मौजूद थे।

## युवक की मौत के बाद जांच में जुटी पुलिस

**नैनीताल।** ज्योलीकोट के ढकियाताल में डूबने से युवक की मौत के बाद पुलिस मौत के कारणों की जांच में जुट गई है। पुलिस मामले में दुर्घटना व हत्या दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है जिसके लिए मृतक के साथ में घूमने आए दोस्तों से पूछताछ व जांच कर रही है साथ ही दोस्तों के मोबाइलों की भी जांच की जा रही है।

बता दें कि बीते मंगलवार को चार दोस्तों के साथ घूमने के लिए पहुंचा रुद्रपुर निवासी मोहित आर्या ज्योलीकोट स्थित ढकियाताल में डूब गया था। घटना के बाद चारों दोस्त मोहित को छोड़कर भाग गए थे। परिजनों के पूछने पर भी दोस्तों ने सही जानकारी नहीं दी। पुलिस पूछताछ में दोस्तो ने मोहित के डूब जाने की बात कही। जिस कारण दोस्तों पर भी पुलिस का शक बढ़ने लगा। पुलिस ने पंचनामे व पोस्टमार्टम के बाद बृहस्पतिवार को शव परिजनों को सौप दिया है। मामले में तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि मृतक के दोस्तो से पूछताछ की जा रही है। पीएम रिपोर्ट व जांच के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# महिला जनप्रतिनिधियों ने गिनाई अपनी समस्याएं

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता




तल्लीताल स्थित धर्मशाला में गुरुवार को आयोजित बैठक में जिले के भीमताल व धारी ब्लाक की महिला जनप्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं गिनाई।

बैठक में महिला जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पंचायत के विकास में वार्ड सदस्यों का पूरा सहयोग होता है इसलिए वार्ड सदस्यों को भी मानदेय मिलना चाहिए साथ ही ब्लाक में होने वाली बैठकों में उप प्रधान व वार्ड सदस्यों को भी प्रवेश दिया जाए ताकि ब्लाक से संचालित योजनाओं की जानकारी उनको मिल सके। बता दें कि द हंगर प्रोजेक्ट के सहयोग से वीरांगना महिला जन प्रतिनिधि संगठन की यह अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में भीमताल व धारी ब्लाक से पहुंची महिला जनप्रतिनिधियों ने अपनी अपनी समस्याएं सांझा की। महिलाओं ने कहा कि पंचायतों के विकास में वार्ड सदस्यों का पूरा योगदान रहता है इसलिए प्रधान व उपप्रधानों की तरह उनको भी मानदेय मिलना चाहिए साथ ही उनको ब्लॉक में आयोजित हर कार्यक्रम व बैठक में बुलाया जाना चाहिए। क्षेत्र से आये महिला जनप्रतिनिधियों ने कहा कि महिला जनप्रतिनिधियों को पंचायत में कार्य करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है वहीं उप प्रधानों ने कहा कि पांच साल पूरे होने को हैं उप प्रधानों का मानदेय नहीं बढ़ा है जबकि सरकार की ओर से घोषणा की गई थी।

बैठक में धारी क्षेत्र से आई महिला जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पदमपुरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महीने में दो बार ही अल्ट्रासाउंड होते हैं जिससे क्षेत्रीय लोगों को नैनीताल या हल्द्वानी आना पडता है।

जनप्रतिनिधियों ने सडक में घूम रहे आवारा पशुओं को उपयुक्त स्थान में पहुंचाने की भी मांग की है। कहा कि मनरेगा की योजना में मानदेय काम होने के कारण व पेमेंट में देरी के कारण उनको काम करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बैठक में हेमा कबडवाल समेत सीमा बोरा, तुलसी, रेखा, नंदी देवी, प्रेमा, लक्ष्मी, नीमा तथा भावना मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## कल्कि' की घरेलू बॉक्स ऑफिस पर लगी संचुरी प्रभास की 5वीं फिल्म



*बहुप्रतीक्षित माइथो साइंस-फिक्शन ड्रामा कल्कि 2898 एडी ने रिलीज के पहले ही दिन गुरुवार को हरतरफ हंगामा कर दिया है। सुबह चार बजे से शुरू हुए फिल्म के पहले शोज से ही फिल्म को लेकर जो माहौल बनना शुरु हुआ, उसने रात आते आते घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इसे रिलीज के पहले दिन करीब 100 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा कमाने वाली प्रभास की पांचवीं फिल्म बना दिया है। फिल्म की ओपनिंग इससे बेहतर हो सकती थी लेकिन फिल्म को हिंदी भाषी क्षेत्रों में अपनी खराब मार्केटिंग का खामियाजा उठाना पड़ा है। हिंदी पट्टी में फिल्म की एडवांस बुकिंग भी बहुत अच्छी नहीं रही। फिल्म को 'अमर उजाला' की फिल्म समीक्षा में तीन स्टार की रेटिंग मिली है। कल्कि 2898 एडी तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज हुई है और फिल्म ने सभी स्थानों पर शानदार शुरुआत की है। कल्कि 2898 एडी का पहले दिन का भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 100 करोड़ रुपये रहा है। इस तरह यह इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग साबित हुई है। महानटी फेम नाग अश्विन द्वारा निर्देशित कल्कि 2898 एडी का बजट 600 करोड़ रुपये बताया गया है। यह फिल्म प्राचीन भारतीय हिंदू पौराणिक कथाओं की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण, दिशा पटानी, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और शोभना ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। साथ ही इसमें मृणाल ठाकुर, एसएस राजामौली और दुलकर सलमान का कैमियो है।*

### प्रभास ने रचा इतिहास

*कल्कि 2898 एडी के ओपनिंग डे पर 100 करोड़ के कलेक्शन के साथ ही प्रभास ने भी इतिहास रच दिया है। ऐसा करने वाली यह सुपरस्टार की पांचवीं फिल्म साबित हुई है। इससे पहले प्रभास अभिनीत फिल्म बाहुबली, साहो, आदिपुरुष और सलार ने भी ओपनिंग डे पर 100 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। कल्कि 2898 एडी के ओपनिंग डे पर 100 करोड़ के कलेक्शन के साथ ही प्रभास ने भी इतिहास रच दिया है।*

# जिला प्रशासन और राज्य सरकार पर आरोप

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए, जिला प्रशासन और राज्य सरकार के ऊपर कई सारे आरोप लगाए है। उन्होंने कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान यात्रियों को काफी जाम का सामना करना पड़ा। जिसका असर नैनीताल, भीमताल, भवाली समेत उसके आसपास के क्षेत्र के लोगों को भी झेलना पड़ा। लेकिन प्रशासन के पास जाम से निजाद दिलाने के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं है। गर्मी में लगातार बिजली कटौती हुई, जिससे पेयजल की समस्या भी हुई, लेकिन कोई भी प्रभावी कदम नहीं उठाए। आने वाला सीजन मानसून का है। जिसमें रकसिया नाले के शुरुआती हेड में कोई भी काम नहीं किया गया है। सिर्फ कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में रकसिया नाले के आउट फाल को बनाया जा रहा है, पूरी तरह से पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। क्योंकि कालाढूंगी में भाजपा के विधायक है और हल्द्वानी में कांग्रेस का विधायक है। जिसके चलते यहां काम नहीं हो रहे हैं, उन्होंने बताया कि उनके 10 करोड़ के पीडब्ल्यूडी की प्रस्ताव थे, इस पर सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा उत्तराखंड में दो विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहे हैं। मंगलौर और बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव कांग्रेस जीतेगी और कांग्रेस के 20 विधायक सदन में पुरजोर तरीके से सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाएंगे।



News कॉर्नर

## घरों में घुसा गंदा पानी और मलबा, मकानों से भागे लोग

**अल्मोड़ा।** जिले में हुई भारी बारिश रानीधारा के लोगों के लिए आफत बनकर बरसी। तेज बारिश के बाद यहां आपदा जैसे हालात पैदा हो गए। सड़क से बहकर आया मलबा और गंदा पानी कई घरों में घुस गया। अल्मोड़ा जिले में हुई भारी बारिश रानीधारा के लोगों के लिए आफत बनकर बरसी। तेज बारिश के बाद यहां आपदा जैसे हालात पैदा हो गए। सड़क से बहकर आया मलबा और गंदा पानी कई घरों में घुस गया। गंदा पानी घर में घुसते ही लोग घरों से बाहर निकल आए। लोगों ने कहा कि वे राहत के लिए डीएम, विधायक और पूर्व विधायक को फोन करते रहे, लेकिन उनके फोन बंद रहे। लंबे समय बाद भी सुधारीकरण न होने से बारिश में सड़क का मलबा घरों में घुस गया। ऐसे में लोग डरे हुए हैं।

## एसएसजे विवि के तीन परिसरों में बंदूकधारी सुरक्षा कर्मी होंगे तैनात

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के अधीन अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ परिसरों में अब बंदूकधारी सुरक्षा कर्मी विद्यार्थियों, प्राध्यापकों की सुरक्षा करेंगे। तीनों परिसरों में जल्द 60 सुरक्षा कर्मी तैनात नजर आएंगे। एसएसजे विश्वविद्यालय के अधीन अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ परिसर में अब तक तैनात सुरक्षा कर्मी डंडे के सहारे सुरक्षा में जुटे हैं। अब जल्द ही इसमें बदलाव होगा और बंदूकधारी तैनात होंगे। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए 40 प्रतिशत भूतपूर्व सैनिकों को मौका मिलेगा। पंजीकृत एजेंसियों के माध्यम से सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाएगी। विवि प्रबंधन के मुताबिक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के लिए पंजीकृत एजेंसियों से संपर्क किया गया है।

# हल्द्वानी शहर वासियों को जल्द ही गैस पाईप लाईन से गैस उपलब्ध होगी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण 22 वीं बोर्ड बैठक अध्यक्ष/आयुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में सर्किट हाउस काठगोदाम में सम्पन्न हुई। बोर्ड बैठक में हिन्दुस्तान कॉर्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा सब जेल हल्द्वानी में डीसीयू स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति के पश्चात हल्द्वानी शहर वासियों को जल्द ही गैस पाईप लाईन के द्वारा गैस उपलब्ध हो सकेगी। उन्होने कहा हाउसिंग कालोनियों, मॉल एवं 400 वर्ग मीटर के अधिक के कामर्शिलय भवनों में जल संग्रहण (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) नये भवनों के साथ ही पुराने भवनों के लिए अनिवार्य होगा। इसके लिए आयुक्त रावत ने जिला विकास प्राधिकरण के सचिव को स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कामर्शिलय भवनों एवं मॉलों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग नही पाये जाने पर अनिवार्य रूप से जल संग्रहण व्यवस्था लागू की जाए। बैठक में हल्द्वानी शहर के लिए ओपन जिम हेतु प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई। इसके लिए जिला विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को सर्वे कर स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिये गये। आयुक्त ने कहा कि वर्षाकाल प्रारम्भ हो गया है मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में पार्को पर ग्रीन प्लान्टेशन किया जायेगा। आयुक्त ने कहा कि भीमताल आबादी क्षेत्र में 60 मीटर की परिधि में भवन स्वीकृति हेतु 37 भवनां को स्वीकृति प्रदान की गई थी, लोगों द्वारा 60 मीटर परिधि की स्वीकृति ली लेकिन भवन इससे अधिक मीटर मे बनाया है जो कि नियम विरूद्व है। आयुक्त सभी भवनों का सर्वे करने के निर्देश बैठक में दिये।

आयुक्त रावत ने बैठक में कहा कि जनपद के सभी पार्किंग स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगे हो इसकी भी मानिटरिंग की जाए। बैठक में रामनगर शहर मुख्यमंत्री घोषणा के तहत बनने वाले पार्किंग मे अधिक से संख्या वाहनों को पार्किंग हेतु डीपीआर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये गये ताकि पार्किंग समय से पूर्ण हो सके। बोर्ड बैठक में अधिकांश समस्याओं का बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई तथा कुछ प्रस्ताव शासन स्तर को प्रेषित किये गये। बोर्ड बैठक में उपाध्यक्ष /जिलाधिकारी वंदना ने कहा कि हल्द्वानी-काठगोदाम क्षेत्र में पडने वाले पार्को को ग्रीन बेल्ट के तहत डपलमेंट किया जायेगा।

इसमें पार्कां पर छोटे-छोट पोधों के साथ ही बेलनुमा पौधे भी लगाये जायेंगे। बैठक में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकारी उधमसिंह नगर अभिषेक रूहेला,सचिव विजयनाथ शुक्ल,मुख्य कोषाधिकारी डीके राणा,सिटी मजिस्टेट एपी बाजपेयी, अधिशासी अभियंता पेयजल एके कटारिया, जेई विकास प्राधिकरण आरएल भारती के साथ ही जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित थे।

# तमंचे की नोंक पर कार लूटी, पुलिस ने लूटरों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता



**कार्रवाई**

- **10 हजार का बयाना देकर कार को ट्रायल पर लेकर गए थे और मोदी मैदान के पास कार बाजार को उतार दिया था**

कार बाजार स्वामी ने ट्रायल के लिए कार लेकर गये दो लोगों पर तमंचे की नोंक पर कार लूटने का आरोप लगा पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आवास विकास कालोनी निवासी जसविन्दर सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह ने थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को बताया कि नैनीताल हाईवे रुद्रपुर पर उसकी ओम साई कार बाजार के नाम पर फर्म है। वह एकमात्र अधिकृत प्रापराईटर है और वह अपनी फर्म के अन्तर्गत 4 व्हीलर/वाहन का सेल पर्चेस का व्यवसाय करता है। बताया कि 25 जून 24 समय लगभग 11.30 बजे एक वंश मखीजा पुत्र प्रमोद मखीजा निवासी आवास विकास रुद्रपुर फर्म के अन्तर्गत गाड़ी विक्री करवाने के आया। वह अपने साथ अबरार के नाम के व्यक्ति निवासी साम्या लेकसिटी जी-20 फ्लेट काशीपुर रोड रुदपुर को लेकर आया। पीड़ित के मुताबिक वाहन संख्या यूपी-22 एजे 3033 रवि रोहेला के नाम है। वह दोनों उक्त कार को खरीदने आये और उसी दिन 10,000 रुपये बयाना दे गये। बताया कि कुछ देर बाद दोनों ने गाड़ी का ट्रायल लेने को कहा तो वह भी दोनों के साथ गाड़ी में पिछली सीट पर बैठ गया। कार अबरार चला रहा था। आरोप है कि जैसे ही मोदी मैदान के पास पहुंचे तो उन्होने गाड़ी रोककर तमंचा दिखाया और उसे कार से नीचे उतार दिया। बाद में वह लोग गाड़ी लूट कर धमकी देते हुये फरार हो गये। आरोप है कि पुलिस को रिपोर्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई तो परिणाम भुगतने की धमकी भी दे गए। फर्म स्वामी ने पुलिस से दोनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार लूट कर ले की रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस का कहना था कि पुलिस जांच कर रही है।

# डीएम के निर्देश पर कल्याणी और बैगुल नदी अतिक्रमण मुक्त पर एक्शन शुरू

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता


**हड़कंप**

- **नगर निगम, सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अतिक्रमणकारियों को नोटिस बांटने शुरू किए**

रुद्रपुर में कल्याणी और बैगुल नदी को अतिक्तमण मुक्त करने के डीएम उदयराज सिंह के निर्देश पर एक्शन शुरू हो गया। नगर निगम, सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी के निर्देशन में अतिक्रमणकारियों को नोटिस बांटने शुरू कर दिए हैं, जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। अतिक्रमणकारियों को 3 जुलाई तक की मोहलत दी गई है।

रुद्रपुर कल्याणी और बैगुल नदी का अतिक्रमणकारियों ने गला घोट रखा है। दो वर्ष पूर्व इसी बजह शहर बाढ आ गई थी। डीएम उदयराज सिंह नदियों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए काफी गंभीर है। तीन दिन पहले डीएम ने खुद कल्याणी और बैगुल नदी का निरीक्षण कर कार्यवाही के निर्देश दिए थे। इस पर काम शुरू हो गया। उपनगर आयुक्त के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने खेड़ा में नोटिस वितरण का काम शुरू कर दिया है।उप नगर आयुक्त ने बताया कि बैगुल और कल्याणी नदी का दो वर्ष पहले सर्वेक्षण हुआ था, जिसमें करीब 350 अतिक्रमण चिन्हित हुए है, लेकिन अब दोबारा से चिन्हिकरण करके नोटिस दिए जा रहे हैं। लोगों को एक सप्ताह का समय दिया गया है। इसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि जिन घरों को तोडा जायेगा, उन्हें पीएम आवास योजना के अन्तर्गत बनाए जा रहे भवन दिए जायेंगे। इधर नदी किनारे बसे लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

# चोरगलिया में सबसे अधिक तो कोश्याकुटौली में कम हुई बारिश



हल्द्वानी में नगर निगम व एसडीएम कार्यालय के सामने नाली चोक होने से सड़क पर भरा पानी।

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

जिले में मानसून के दस्तक देने के बाद मैदानी इलाकों में गर्मी से राहत मिली है। पिछले 24 घंटे में जिले में चोरगलिया में सबसे अधिक 59 एमएम बारिश रिकार्ड की गई। इसी तरह कोश्याकुटौली में सबसे कम 1.3 एमएम बारिश हुई।

ड्डु] जिला आपदा परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार नैनीताल में 24 मिलीमीटर, 20.0 एमएम, धारी में 8.0 एमएम, बेतालघाट में 7.5 एमएम, कालाढूंगी में 11.0 एमएम, रामनगर में 14.2 एमएम, मुक्तेश्वर में 2.7 मिलीमीटर बारिश हुई। इधर बारिश के बाद नदी-नालों का भी सूखा खत्म हो गया है। गौला नदी में बारिश के बाद सिल्ट भी पहुंच रही है, हालांकि पेयजलापूर्ति पूर्ववत जारी है।

## मानसून की पहली बारिश में खुली पोल, नाली का पानी सड़क में भरा

मानसून की पहली बारिश में ही शहर में सरकारी इंतजाम की पोल खुल गई है। नगर निगम कार्यालय के पास ही नाली चौक होने से सड़क में पानी जमा हो गया। लोगों ने इसका वीडियो तक जारी कर दिया। गौरतलब है कि हर बरसात के सीजन से पहले नगर निगम प्रशासन नाले-नालियों की सफाई करवाता है। बकायदा इसके लिए टेंडर तक आमंत्रित किये जाते रहे हैं लेकिन हर बार शहर में जगह-जगह जलभराव होने के कारण यह सारे प्रबंध बेकार साबित होते हैं। इसके अलावा शहर के मलिन बस्ती वाले क्षेत्रों में भी हल्की बारिश में ही जलभराव नजर आया। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## छात्र-छात्राओं को सिखाए कहानी लेखन के गुर

**अल्मोड़ा।** हवालबाग विकासखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिंतोला में आयोजित सात दिनी समर कैंप में छात्र-छात्राओं को कहानी लेखन के गुर सिखाए गए। छात्र-छात्राओं को कागज से कई प्रकार के फूल और अन्य कलाकृति बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। छात्र-छात्राओं ने कई विषयों पर पेंटिंग बनाई जो आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान प्रधानाध्यापक जगदीश सिंह भंडारी, लोकेश, संदीप, देवेंद्र सिंह कनवाल, प्रेमा देवी, मीना आदि मौजूद रहे।

# रंगकर्मियों व प्रशिक्षकों ने सीखे महत्वपूर्ण कौशल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर में युगमंच एवं शारदा संघ के संयुक्त तत्वावधान में शारदा संघ सभागार में सायं साढ़े 6 बजे से चल रही बाल नाट्य कार्यशाला के दौरान अनुभवी रंगकर्मियों एवं प्रशिक्षकों से बच्चे खेल- खेल में बाल काफी महत्त्वपूर्ण कौशल सीख रहे हैं।

बता दें कि नगर के प्रसिद्ध संगीतज्ञ एवं नैनीताल समाचार के प्रतिष्ठित होली पुरुस्कार से सम्मानित नवीन बेगाना की ओर से बच्चों को विभिन्न कोरस का अभ्यास कराते हुए स्पीच थेरेपी का भी अभ्यास कराया जा रहा है।

कार्यशाला में शारीरिक हाव भाव से सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने हेतु कार्यशाला निर्देशक भास्कर बिष्ट द्वारा चाल ढाल पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बाल नाट्य कार्यशाला के दौरान रंगकर्मी एवं वरिष्ठ शिक्षक डॉ. हिमांशु पांडे की ओर से बच्चों को व्यक्तित्व विकास संबंधी विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी एवं अ से अः तक सभी स्वरों के अनुसार बच्चों को रोना और हंसना बताया।

युगमंच के सचिव एवं रंगकर्मी शिक्षक मनोज कुमार ने बच्चों को लाफ्टर थेरेपी एवं विभिन्न शारीरिक अभ्यासों की जानकारी दी। कार्यशाला के सफल आयोजन में वरिष्ठ रंगकर्मी जहूर आलम, डी के शर्मा, अनिल कुमार, अमन, रफ त आलम, शारदा संघ के अध्यक्ष प्रो.देवेंद्र सिंह बिष्ट, सचिव घनश्याम लाल साह आदि द्वारा योगदान दिया जा रहा है। दूसरी ओर अभी कार्यशाला में इच्छुक बच्चों के पंजीकरण का कार्य जारी है।

# ऑल इंडिया आईपीएससी ताईक्वाडो बिड़ला विद्या मंदिर का कब्जा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



बिड़ला विद्या मंदिर में चल रही दो दिवसीय ऑल इंडिया आईपीएससी ताईक्वाडों प्रतियोगिता गुरुवार को संपन्न हो गयी। प्रतियोगिता के तीनों वर्गों अंडर 14 व 17 और 19 में बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल की टीमें विजयी रही और ओवरऑल चैंपियन का खिताब भी बिड़ला विद्या मंदिर ने कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि बिडला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा थे।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि अनिल शर्मा ने कहा कि सभी का कालेज परिवार की ओर से स्वागत किया। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य सिर्फ खेल में विजय प्राप्त करना नहीं था बल्कि अनुशासन, सम्मान और आत्म-संयम जैसे मूल्यों को भी सीखना था। कहा कि ताइक्वांडो हमें सिखाता है कि हम अपने शारीरिक और मानसिक क्षमताओं को कैसे संतुलित कर सकते हैं और अपने आप को एक बेहतर व्यक्ति बना सकते हैं।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले के पुरूस्कार वितरण समारोह के अवसर पर बिड़ला विद्या मंदिर के वित्त प्रबन्धक संजय कुमार गुप्ता समेत उप प्रधानाचार्य राकेश मुलासी, हेड मास्टर अजय शर्मा, खेल विभाग से पृथ्वीराज सिंह किरोला, लीला सिंह बिष्ट, केदार सिंह गढिया, अजय नारायण मिश्रा, आईपीएससी ऑब्जर्वर राकेश कुमार शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जतिन ग्रोवर ने किया।